लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2094

3 अगस्त, 2015 को उत्तर के लिए

इस्पात क्षेत्रक के लिए मंच

†2094. डॉ. सुभाष रामराव भामरे:
श्री बैजयंत जे. पांडा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को प्रस्तावित क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी में जुड़ने के आर्थिक परिणामों के बारे में इस्पात उद्योग द्वारा अभिव्यक्त आशंकाओं के बारे में पता है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी और इस्पात क्षेत्रक से संबंधित अन्य मुद्दों के संबंध में विभिन्न हितधारकों के हितों की चर्चा के लिए कोई मंच तैयार किया है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) से (घ) : जी , हां। सरकार को इस्पात उद्योग से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें इस्पात टैरिफ पद्धतियों समेत प्रस्तावित क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक साझेदारी (आरसीईपी) के संबंध में चिंताओं को उजागर किया गया है। सरकार ने आरसीईपी के संबंध में इस्पात क्षेत्र समेत सभी हितधारकों के साथ नियमित बैठकें आयोजित करने का एक तंत्र बनाया है।

*****